प्रदेश की छोटी-छोटी नदियों को भी जोड़ा जाएगा : सीएम

दैनिक जागरण, पटना, दिनांक 26.08.2020

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अगली बार मौका मिला तो राज्य की छोटी-छोटी नदियों को भी जोड़ा जाएगा। हर खेत में पानी पहुंचाने के लिए यह जरूरी है। नदी जोड़ के तहत कोसी-मेची लिंक योजना को राष्ट्रीय योजना में शामिल करने से दो लाख 14 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था होगी।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जल संसाधन विभाग की 1470 करोड की 23 योजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण एवं सात योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें सिंचाई और बाढ़ क्षेत्र की महत्वाकांक्षी योजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक भूमि गया और बोधगया में पानी का संकट दुर्भाग्यपूर्ण है। राजगीर में भी पानी की कमी है। हमारी कोशिश है कि गंगा के पानी को गया तक पहुंचा दें। उन्होंने कहा कि वह खुद 29 अगस्त को स्पॉट पर जाएंगे और काम की प्रगति देखेंगे।